तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
होली पर ग्रहण का रंग, सोमवार आधी रात बाद जली होली, मंगलवार नहीं, बुधवार को खेला जाएगा रंग



# पीडीएस में गड़बड़ी, सरपंच, सचिव और विक्रेता पर गिरेगी कार्रवाई की गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पाली विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत नगाई में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान (आई.डी. क्रं. 552004025) में खाद्यान्न वितरण में गंभीर अनियमितता और स्टॉक में भारी कमी का मामला प्रकाश में आया है। लोहड़िया के ग्रामीणों को चार माह से राशन नहीं मिलने और संचालक द्वारा फिंगरप्रिंट लेने के प्रकरण पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली द्वारा त्वरित जांच के आदेश दिए गए थे।

खाद्य निरीक्षक पाली द्वारा 26 फरवरी को मौके पर की गई जांच में पाया गया कि दुकान के भौतिक स्टॉक और ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित मात्रा में भारी विसंगति है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार, दुकान में 87.49 क्विंटल चावल, 3.43 क्विंटल शक्कर और 6.12 क्विंटल नमक की भारी कमी पाई गई, जबकि 7.60 क्विंटल चना स्टॉक में अधिक पाया गया है। इसके अतिरिक्त, मौके पर उपस्थित ग्रामीणों और हितग्राहियों ने बयान दिया कि विक्रेता द्वारा उन्हें पिछले दो से तीन माह का राशन प्रदान नहीं किया गया है। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि इस दुकान का संचालन वर्ष 2021 से पूर्व सरपंच जयपाल सिंह तंवर द्वारा किया जा रहा है और उन्होंने ही विक्रेता के रूप में विजयपाल सिंह तंवर को नियुक्त किया है। वर्तमान सरपंच को अब तक इस दुकान का प्रभार हस्तांतरित नहीं किया गया है। इस लापरवाही और स्वेच्छाचारिता को छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की विभिन्न कंडिकाओं और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है। इस गंभीर वित्तीय अनियमितता और खाद्यान्न के निजी उपयोग की आशंका को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाली ने वर्तमान सरपंच और सचिव (ग्राम पंचायत नगाई), पूर्व सरपंच जयपाल सिंह तंवर और विक्रेता विजयपाल सिंह तंवर को पृथक-पृथक कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन सभी को निर्देशित ⏭ शेष पेज 3 पर

## शासकीय उचित मूल्य दुकान में अनियमितता का मामला

**खास बातें**

- जारी हुई कारण बताओ नोटिस, एफआईआर की तैयारी
- खाद्य निरीक्षक ने की थी जांच की कार्यवाही



## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला जल स्वच्छता मिशन कोरबा की बैठक 3 मार्च को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के बाद आयोजित होगी।

### योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**कोरबा।** योगासना की जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता की तैयारी हेतु बैठक ली गई, साथ ही विभिन्न विद्यालयों में योग में चित्रकारी प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता हेतु तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक ज्वाला प्रसाद हंसा, आईके कौशिक, विश्वकर्मा, संजय कुर्मवंशी, श्रीमती विनीता दिक्षित, श्रीमती वृंदा चौहान, श्रीमती दुर्गेश्वरी तिवारी, श्रीमती सरोज सिंह, श्रीमती ज्योति वैष्णव, दुर्गेश राठौर, इन्द्रनारायण जायसवाल, सुरेंद्र पतले, विनोद रत्नाकर, धनेश डनसेना, विनोद गुप्ता, श्रीमती आशा लता कौशिक, श्रीमती आभा देवांगन, संध्या दिक्षित, मालती चौहान, सुचिता शर्मा, लता पंत, सविता सोनी, ज्योति दास, जानकी साहू, उपस्थित रहे।

### होली के अवसर पर कल नहीं बिकेगी शाराब

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत ने होली पर्व के अवसर पर जिले में मदिरा की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आधिकारिक आदेश जारी किया है। शासन के निर्णय के अनुसार 4 मार्च को जिस दिन रंग खेला जाएगा, उस दिन संपूर्ण जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस आदेश के तहत जिले की समस्त देशी, विदेशी, प्रीमियम और कंपोजिट मदिरा दुकानें, साथ ही एफ.एल.-3, एफ.एल.-3(क) और अहाता पूर्णतः बंद रखे जाएंगे। उक्त अवधि में मदिरा का किसी भी प्रकार का संव्यवहार अथवा क्रय-विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सुरक्षा एवं व्यवस्था की दृष्टि से आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे 3 मार्च को निर्धारित समय के पश्चात सभी दुकानों को सीलबंद कराएं और क्षेत्र में सघन गश्त कर यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी मदिरा का अवैध विक्रय न हो पाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**कोरबा।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के दूरस्थ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक आवेदक से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरणों का शीघ्र, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आधारभूत संरचना एवं राजस्व से जुड़े विभिन्न विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। इनमें नई सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण, विद्युत आपूर्ति, फौती नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, मुआवजा, पेंशन, तालाब गहरीकरण, अतिक्रमण हटवाने एवं बिजली बिल संशोधन जैसे कुल 43 आवेदन शामिल रहे। कलेक्टर ने सभी मामलों के समयबद्ध और प्रभावी निराकरण के निर्देश देते हुए अधिकारियों को प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, ओंकार यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शहर के अलग अलग चौक चौराहों में टेंट लगाकर तैयार किया गया फिक्स प्वाइंट

# तीन दिनों तक 8 सौ जवान चप्पे-चप्पे पर रहेंगे तैनात

# दहन के पहले शहर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



पुलिस जवानों को सुरक्षा के तैयारियों के निर्देश देते अधिकारी।



शहर में फ्लैग मार्च निकालते पुलिस के जवाब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होली के पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने पहले ही कमर कस ली थी। सोमवार की दोपहर से ही पुलिस चौक-चौराहों में तैनात हो गई। साथ ही शहर में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर अपराधियों को सावधान कर दिया है। अगर इस रंग के पर्व को बेरंग करने की कोशिश की तो उसे जेल में होली मनानी पड़ेगी। जिला पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों की टीम इस पर्व को संपन्न कराने में तैनात हो गई है। जिले में लगभग 800 पुलिस के अधिकारी कर्मचारी तैनात किये गये हैं जो तीन दिनों तक लगातार फील्ड में तैनात रहेंगे।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखनलाल पटले को होलिका दहन व रंग उत्सव के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले में होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सपन्न कराने के लिए लगभग 8 सौ पुलिस के अधिकारी कर्मचारी तैनात किए गए हैं। श्री पटले ने बताया कि जिले में होलिका दहन एवं होली पर्व के लिए लगभग 800 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को तैनात किया गया है। साथ ही चौक चौराहों में यातायात के जवाब तैनात हैं। आम जनता से अपील है कि शांतिपूर्ण ढंग से इस त्यौहार को मनाएं। होलिका दहन के पहले सोमवार की दोपहर पुलिस ने कोतवाली थाना से फ्लैग मार्च से निकाला जहां पुलिस व प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों ने पूरे शहर पावर हाउस रोड होते हुए टीपी नगर चौक से बुधवारी से घंटाघर व सुभाष चौक तक पैदल मार्च किया गया। पुलिस ने इस फ्लैग मार्च के माध्यम से साफ चेतावनी जारी की है कि यदि कोई भी रंग उत्सव में खलल डालने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। वहीं दूसरी ओर जिले के चौक चौराहों में टेंट लगाकर अस्थायी चौकी बनाया गया है जहां फिक्स प्वाइंट के जवानों को तैनात किया जाएगा। ये जवान तीन दिनों तक टेंट में ही रहेंगे।

**खास बात**

- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बनाया गया प्रभारी अधिकारी

## तीन सवारी फर्राटे भरने वालों पर गिरी गाज



जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देश में 1 मार्च को होली पर्व के मध्यनजर शहर में विशेष चेकिंग एवं कसावट अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना नंबर प्लेट वाहनों पर 10 चालानी कार्रवाई की गई। तीन सवारी वाहन चलाने वाले 51 व्यक्तियों पर कार्यवाही की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 27 चालकों के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। रात्रि में बेवजह घूमने एवं सार्वजनिक स्थानों पर अड्डेबाजी करने वालों पर भी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। इसके अलावा धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत 28 प्रकरणों में 33 आरोपियों पर कार्रवाई की गई। वहीं धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत 83 प्रकरणों में 94 आरोपियों को पकड़ा गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिवत वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## 55 लोगों के खिलाफ की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

होली को लेकर पुलिस लगातार एक्शन मोड पर नजर आ रही है दीपिका पुलिस ने 55 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है जबकि 9 लोगों के खिलाफ 170 बीएनएसएस की कार्यवाही की गई है। होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद पटेल ने भी अपने क्षेत्र में लगातार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई है। कुल 55 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है जबकि 8 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट तथा 9 लोगों के खिलाफ 170 के तहत कार्यवाही की गई है।

## कटघोरा में निकाला गया फ्लैग मार्च

नगर में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसका उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना रहा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने नगर के प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त करते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान आम नागरिकों ने भी पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और सहयोग का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन ने विशेष रूप से तेज रफ्तार बाइक चलाने वालों, स्टंट करने वालों और हुड़दंग मचाने वाले युवकों पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे कानून का पालन करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। इस फ्लैग मार्च में एसडीओपी विजय सिंह राजपूत, थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल रहे। पूरे क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और सतर्कता साफ तौर पर नजर आई। फिलहाल प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और लगातार निगरानी बनाए हुए है, ताकि होली और रमजान के दोनों पर्व शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सकें।



### होली पर 24 घंटे तैनात रहेंगे चिकित्सक

**कोरबा।** होली का पर्व दो दिन पहले ही शुरू हो जाता है जिसे लेकर स्वास्थ्य व पुलिस विभाग द्वारा आपातकाली सेवा के 108 व 112 की टीम को अलर्ट कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इमरजेंसी सर्विस को कंट्रोल कमांड से सूचना मिलते ही निकट लोकेशन से इमरजेंसी सर्विस की टीम पहुंचेगी और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जाएगा। होली पर्व के दौरान आपातकालीन सेवा के लिए जिला मेडिकल अस्पताल तैयारी कर ली है। अस्पतालों में 24 घंटे डॉक्टर व स्टाफ तैनात रहेंगे। रिजर्व बेड व दवाओं की भी व्यवस्था की गई है। ज्यादातर केस घटना-दुर्घटना ना में घायल होने के होते हैं इसलिए ट्रामा के लिए रिजर्व मैनेजमेंट पर ध्यान दिया गया है। इमरजेंसी सर्विस के वाहनों को भी अलर्ट किया गया है। रंगो के पर्व होली के दौरान जिले में घटना-दुर्घटना होने पर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी अस्पतालों में तैयारियां कर ली है।

### ग्रामीण को मिला घायल उल्लू, वन विभाग को किया सुपुर्द



**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज में रविवार समय 8 बजे लगभग राज ग्वालिन जंगल में बिंझरा निवासी मुकेश पांडेय कुछ कार्य वश जंगल की ओर गया था, इसी दौरान मुकेश पांडेय को जंगल में एक घायल उल्लू मिल गया, फिर मुकेश ने मानवता का परिचय देते हुए घायल उल्लू को सुरक्षित घर लाकर वन विभाग की टीम को से संपर्क किया। सूचना मिलते ही जटगा रेंजर गजेंद्र दोहरे ने तत्काल डिप्टी रेंजर मोहन सिंह, बीट गार्ड रॉबिन भारद्वाज को अपने साथ लेकर मुकेश के घर पहुंचे और घायल उल्लू को अपने कब्जे में लिया। उल्लू के पैरों एवं पंख में चोंट लगने से उसका उपचार कराया जा रहा है ठीक होने पर उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया जाएगा।

## कनबेरी में 21.35 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की रखी आधारशिला

# पीएम जनमन योजना से विकास व समृद्धि की नई दिशा : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम को संबोधित करते उद्योग मंत्री लखन देवांगन।

प्रधानमंत्री जनमन योजना से न केवल सड़क कनेक्टिविटी बढ़ी है बल्कि दूरस्थ जनजातीय समुदायों के सामाजिक विकास, आर्थिक भागीदारी और जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज हुआ है। यह पहल पीवीटीजी समुदायों के सशक्तिकरण की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रही है। आज ग्राम में मुख्यमंत्री गौरव पथ का निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। इन सभी कार्यों से दूरस्थ क्षेत्र के आवागमन को अभूतपूर्व गति मिलेगी। सड़कों और पुल-पुलियों के निर्माण से वर्षा ऋतु में ग्रामीण अंचल का किसी भी प्रकार का संपर्क बाधित नहीं होगा।

उक्त बातें उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने सोमवार को जिले के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से 21 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। ग्राम कनबेरी में श्री अग्रसेन गौसेवा समिति के पास आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल ने की। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी वर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रभावी योजनाएँ बनाते हैं ताकि प्रत्येक हितग्राही तक अधिकतम लाभ पहुँच सके। यही कारण है कि आज प्रत्येक योजना का लाभ पात्र लोगों तक निर्बाध रूप से पहुँच रहा है। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार समग्र और समान विकास की नीति पर कार्य कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप प्रत्येक क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से अब कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जनमन योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत कुल 21.35 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि से 8 वृहद पुलों तथा सड़क निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 20.92 करोड़ रुपये की लागत से कई महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण शामिल है। ये पुल रामपुर विधानसभा के कोरबा विकासखण्ड के लेमरू-देवपहरी मार्ग, डोकरमना मेन रोड, बगबुड़ा रोड, बताती-बांसाखार मार्ग और पतरापाली-धानकछार मार्ग पर स्थित गौमुखी, चिंगराडांड, गड़गड़ा, कोटगसरा और पेंसारी नाला जैसे स्थलों पर निर्मित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त पाली-तानाखार विधानसभा के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड में कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग से बहरीझरिया मार्ग के कोठीझुंझा नाला पर 278.72 लाख रुपये की लागत से एक वृहद पुल के निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत कटघोरा विकासखण्ड में पंचराम घर से हीरालाल घर तक 500 मीटर लंबी सीसी सड़क और नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा, जिसकी स्वीकृत राशि 42.95 लाख रुपये निर्धारित है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर जिले के वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और अधिक सुगम होगा तथा विशेष रूप से वर्षा ऋतु में आने वाली संपर्क संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा।

# एसईसीएल दीपका खदान ने कोयला उत्पादन में बनाया नया रिकार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की दीपका खदान ने उत्पादन का नया रिकार्ड बनाया है। दीपका खदान ने 35.7 मिलियन टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा दर्ज किया।धातु और खनन एसईसीएल कोल इंडिया लिमिटेड की दूसरी बड़ी उत्पादक कंपनी है। तीन मेगा प्रोजेक्ट्स गेवरा, कुसमुंडा और दीपका की एसईसीएल के आधे से ज्यादा उत्पादन में हिस्सेदारी होती है।

दीपका खदान ने 28 फरवरी को 35.7 मिलियन टन के आंकड़े पर पहुंचते ही कोयला उत्पादन का एक नया रिकार्ड कायम किया। इसके पूर्व वित्तीय वर्ष 2018-19 में दीपका ने सर्वाधिक 34.99 मिलियन टन के उत्पादन को छुआ था। इस आंकड़े को पार करने में पांच साल लग गए। 31 मार्च तक जब अंतिम आंकड़े आएंगे तक 35.7 मिलियन टन से कहीं अधिक उत्पादन दर्ज हो चुका होगा। दीपका के समक्ष चालू वित्तीय वर्ष में 40 मिलियन टन का उत्पादन लक्ष्य है। दूसरी ओर दीपका खदान ने ओवरबर्डन निष्पादन में 39.84 एमक्यूबीक मीटर का ऐतिहासिक आंकड़ा पार किया है। इसी तरह गुणवत्ता में भी 80 प्रतिशत ग्रेड कन्फर्मेशन का छुआ है, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

**खास बात**

- ओवरबर्डन निष्पादन में 39.94 एमक्यूबिक मीटर का आंकड़ा किया पार

## खबर संक्षेप

### अचेत हुए ट्रक चालक की संदिग्ध हालत में मौत

**अम्बिकापुर।** ड्यूटी पर गया ट्रक चालक अचानक अचेत हो गया। चालक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। चंदौरा अंतर्गत ग्राम उमरिया निवासी मनोज सिंह आ. अमर सिंह (43 वर्ष) प्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम जगन्नाथपुर केरता महान 3 खदान में ट्रक चलाने का काम करता था। 28 फरवरी को ड्यूटी पर गया था तभी अचानक अचेत हो गया। चालक को अचेत देख रिश्तेदार मामा सहित अन्य लोगों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। चालक की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### अज्ञात कारण से 15 वर्षीय किशोरी ने लगाई फांसी, मौत

**शंकरगढ़।** किशोरी ने अज्ञात कारण से अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम दोरना निवासी 15 वर्षीय किशोरी ने सोमवार को अपने घर के कमरे में फांसी उस समय फांसी लगा ली जब परिजन घर के बाहर थे। परिजन जब घर दाखिल हुए तो उनके होश उड़ गए। किशोरी मृत हालत में फांसी में लटकी हुई थी। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरी किस कारण फांसी लगाई यह स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### आरओबी निर्माण व ट्रेनों के ठहराव को लेकर 6 को नगर बंद

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन पर प्रस्तावित रेल ओव्हरब्रिज निर्माण, स्टेशन में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांगों को लेकर 5 मार्च को रात 10 बजे से परशुराम चौक नैला में चक्का जाम किया जाएगा। वहीं 6 मार्च को नगर बंद की घोषणा की गई है। इस संबंध में कलेक्टर जिला जांजगीर-चांपा को पत्र सौंपकर प्रशासन को औपचारिक सूचना दी गई है। इस आंदोलन को स्थानीय व्यापारिक संगठनों जैसे छ.ग. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, गल्ला किराना व्यापारी संघ, जिला चावल उद्योग संघ, कपड़ा व्यापारी संघ ने भी अपना समर्थन दिया है। जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि पूर्व में इन मांगों को लेकर जन आंदोलन किया गया था। तब रेल प्रशासन और जिला प्रशासन के साथ हुई वार्ता में सहमती बनी थी कि छः माह के भीतर रेल ओव्हरब्रिज निर्माण प्रारंभ किया जाएगा तथा जांजगीर-नैला स्टेशन पर गोंडवाना एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा मिशन अस्पताल समपार के पास अंडरब्रिज निर्माण और जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं के विस्तार का भी आश्वासन दिया गया था। अब तक किसी भी वादे पर ठोस प्रगति नही हुई है। जिससे स्थानीय नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। पत्र में कहा गया है कि सर्वसम्मति से आंदोलन का निर्णय लिया गया है। आंदोलन की सूचना की प्रतिलिपि मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर, ए.डी.ई.एन. द.पू.म.रेलवे चांपा, स्टेशन प्रबंधक जांजगीर-नैला, तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांजगीर को भी प्रेषित की गई है।

### होली पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन कल

**अकलतरा।** नगर की सामाजिक संस्था पहल द्वारा होली पर्व के अवसर पर नगर के शास्त्री चौक में 4 मार्च को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन शाम 7 बजे से आयोजित किया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हास्य कवि सम्मेलन में देश के ख्याति प्राप्त कवि शशिकांत यादव, मीर अली मीर, मयंक शर्मा, सोम प्रभा नूर, भरत द्विवेदी, बंशीधर मिश्रा एवं राजेश उर्मिल द्वारा हास्य व्यंग्य कविता की प्रस्तुति दी जाएगी।

अनहोनी के डर से ग्राम महुली, कछवारी एवं मोहरसोप में 3 दिन पूर्व होली मनाने की परंपरा

# चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के तीन गांवों में तीन दिन पहले मनाई गई होली



ग्राम कछवारी में फाग गीत गाते ग्रामीण।



ग्राम मोहली में होली मनाते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के तीन गांव के लोगों ने सोमवार को पूर्वजों के समय से चली आ रही परंपरा का पालन करते हुए भारी उत्साह के साथ होली मनाई। अनहोनी के डर से ग्रामीणों में लम्बे अर्से से 3 से 5 दिन पूर्व होली मनाने की परंपरा है। खास बात है कि ग्रामीण आगामी मंगलवार तक रंग-गुलाल से सराबोर होते रहते हैं।

**खास बात**

- रविवार को देर रात जलाई गई होलिका

पंचांग के अनुसार देशभर में सोमवार को देर रात होलिका जलाई जाएगी एवं बुधवार को रंगों का त्योहार होली मनाई जाएगी। लोग अभी होली मनाने की तैयारियां कर रहे हैं जबकि सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखण्ड ओड़गी के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के तीन गांवों में सोमवार को भारी उत्साह के साथ ग्रामीण पूरे दिन रंग-गुलाल खेलकर होली मनाई। दूरस्थ ग्राम महुली, कछवारी एवं मोहरसोप के ग्रामीणों ने रविवार की देर रात सामूहिक पूजा कर होलिका जलाई एवं सोमवार को सुबह पूजा उपरांत होलिका की विभूति लगाकर होली खेलने की शुरूआत की। इस दौरान ग्रामीणों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। बच्चों एवं युवाओं में होली को लेकर खासा उत्साह देखा गया तथा बच्चे व युवा पूरे दिन रंग-गुलाल से एक दूसरे को सराबोर करते रहे इस दौरान तीनों गांवों में सुबह से लेकर देर शाम तक ढोल-मजीरे की थाप पर फाग गीत गूंजते रहे।

#### बैगा करता है दिन का निर्धारण

ग्रामीणों के अनुसार बैगा हर साल होलिका जलाने एवं होली मनाने की तिथि एवं समय निर्धारित करता है। निर्धारित समय पर ग्रामीण लकड़ी लेकर होलिका स्थल पर पहुंचते हैं जहां बैगा निर्धारित समय पर पूजा कर होलिका जलाने का निर्देश देता है। इस दौरान गांव के सभी लोग होलिका की पूजा करते हैं तथा होलिका जलाने के बाद देर रात तक फाग गीतों पर थिरकते रहते हैं। रविवार को रात्रि 12 बजे होलिका जलाई ई। इस दौरान ग्रामीण देर रात तक फाग गीतों पर झूमते रहे। सोमवार को सुबह 10 बजे पूजा उपरांत बैगा ने सभी को होलिका की विभूति लगाई एवं विभूति को हवा में उड़ाकर होली की शुरूआत की। उपस्थित ग्रामीणों ने भी होलिका की विभूति उड़ाई सोमवार को पूरे दिन लोग रंग-गुलाल से सराबोर होते रहे। इस दौरान ग्रामीण अलग-अलग टोलियां बनाकर फाग गीत गाते हुए घर-घर पहुंचे एवं एक-दूसरे को रंग लगाया। इस दौरान देर रात तक फाग गीतों पर ग्रामीण झुमते रहे।

#### इन गांवों में 3 दिन पूर्व होली

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदरगढ़, बेदमी, नीलकंठ, महुली, कछवारी एवं मोहरसोप में निर्धारित तिथि के पूर्व होली मनाने की परंपरा पूर्वजों से चली आ रही है। बैगा द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार ग्राम पंचायत कुदरगढ़, बेदमी एवं नीलकंठ में 5 दिन पूर्व होली मनाने की परंपरा है। इन गांवों में ग्रामीणों ने दो दिन पूर्व ही होली मना ली है जबकि महुली कछवारी एवं मोहरसोप में सोमवार को होली मनाई गई। इन गांवों में होली की सभी परंपराओं का पालन किया जाता है। अनहोनी के डर से सिर्फ 3 से 5 दिन पूर्व होलिका जलाकर रंग खेला जाता है।

गांव के बुजुर्ग बताते हैं वर्षों पूर्व गांव में हैजा फैल गया था तथा लोगों की लगातार मौतें हो रही थी। होली के पूर्व हर साल गढ़वतियां जंगल में अचानक आग की लपटे उठने लगती थी तथा पूरा जंगल आग से धधक उठता था। भयभीत ग्रामीणों ने बैगा से लगातार हो रही अनहोनी के निराकरण का उपाय पूछा तो बैगा ने ग्राम देवता के नाराज होने का हवाला देकर निर्धारित तिथि के 3 से 5 दिन पूर्व होलिका दहन करने एवं होली मनाने का सुझाव दिया। तभी से ग्रामीणों ने बैगा की सलाह पर अनोखी होली मनाने की शुरूआत की तथा आज भी अपने पूर्वजों की परंपरा का पालन कर रहे हैं।

#### मंगलवार तक मनेगी होली

इन गांवों में आगामी मंगलवार तक होली मनाने की एक खास परंपरा है। इस बार ग्रामीण लगातार सात दिनों तक अपने घरों में स्वादिष्ट पकवान बनाएंगे। ग्रामीण भी अलग-अलग टोलियों में घर-घर जाकर फाग गीत गाएंगे तथा एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाएंगे। इन गांवों के लोग लगातार सात दिनों तक रंगों से सराबोर होते रहेंगे। मंगलवार को अंतिम होली खेलने के बाद त्योहार का समापन किया जाएगा।



## चोरी के मामले मे ख़रीददार आरोपी समेत 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चोरी के मामले में पुलिस ने खरीदार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नगद 5 हजार रुपए सहित लैपटॉप बरामद किया। साथ ही मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश किया जा रहा है।

- फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस के मुताबिक भगवानपुर खुर्द निवासी सुनन्दन तिवारी ने 20 फरवरी को गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 19 से 20 फरवरी की रात चोरों ने उसके घर से नगदी, सोने का ब्रेसलेट, अंगूठी, चैन सहित लैपटॉप व मोबाइल चोरी कर ले गए है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ए), 3(5), 317(2), 112(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि एक युवक चोरी का मोबाइल बेचने की फिराक मे घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने युवक को पकड़कर पूछताछ किया गया तो युवक ने अपना नाम आनंद कुमार पन्ना आ. हैबिट पन्ना (22 वर्ष) सुभाष नगर भगवानपुर का होना बताया। पूछताछ करने पर युवक ने मकान से नगदी रकम समेत सोने का चैन, अंगूठी ब्रेसलेट, लैपटॉप, मोबाइल चोरी करने की बात कबूल की। आरोपी द्वारा सोने के जेवरात को मामले में शामिल अन्य आरोपी को बिक्री करने के लिए देना बताया गया जो फरार है। साथ ही आरोपी ने चोरी का मोबाइल एवं 5 हजार रुपये नगद स्वयं रखना एवं लैपटॉप एवं चार्जर को भगवानपुर एमजी रोड निवासी प्रियांशु तिवारी को 1 हजार रुपये में बेचना बताया। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर लैपटॉप खरीदार आरोपी प्रियांशु तिवारी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम प्रियांशु तिवारी आ. अजय तिवारी (21 वर्ष) भगवानपुर एमजी रोड होंना बताया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी का लैपटॉप, चार्जर जब्त किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा है। साथ ही फरार आरोपी की तलाश में जूट गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी, साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक लल्लन गुप्ता,प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, जयदीप सिंह, विकास सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, उमाशंकर, रमन मंडल, थाना धौरपुर से राहुल सिंह सक्रिय रहे।

## करंट से युवक की मौत होने पर तार जोड़ने वाले युवक ने भी फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो जाने पर करंट लगाने वाले युवक ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत महेशपुर निवासी नर्मदा प्रसाद राजवाड़े का गत दिन मेन लाइट से तार जोड़ने तथा करंट की चपेट में आने से मौत हो गया था। जानकारी के मुताबिक गणेश प्रसाद राजवाड़े ने अपनी बाड़ी में लहसुन लगाया था जिसको सुरक्षित रखने के उद्देश्य से तरंगित तार का घेराव कर सीधे में लाइट में जोड़ दिया था। जोड़ने के बाद अपने घर के आसपास किसी भी व्यक्ति को तार जोड़ने की जानकारी नहीं दिया था। नर्मदा प्रसाद राजवाड़े ने रात करीब 12 बजे आसपास हाथ पैर धोने के लिए हैंडपंप पर गया पानी भरकर जैसे सिर को नीचे किया वही तार में सिर विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया जिससे करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर गणेश प्रसाद राजवाड़े किसी को बिना बताए बिना ही घर से निकला और पूरे दिन वह घर से वापस नहीं आया। परिजन ने खोजबीन की लेकिन गणेश प्रसाद राजवाड़े का पता नहीं चल। 2 मार्च की सुबह गणेश की पत्नी ने गणेश प्रसाद राजवाड़े को महुवा के पेड़ में फांसी में लटके देख घटना की जानकारी परिजनों को दी। आसपास के लोगों ने आकर देखा तो गणेश प्रसाद राजवाड़े के नाम पर उसकी पहचान हुई। गणेश प्रसाद राजवाड़े के पत्नी के अनुसार 1 बजे रात गणेश राजवाड़े घर में आया और अपने पत्नी को बोला कि घर के दरवाजा को मत खोलना नहीं तो मैं दरवाजा को बाहर से बंद कर दूंगा तब उसके पत्नी ने दरवाजा को नहीं खोली फिर वह बात चीत कर चला गया। गणेश प्रसाद राजवाड़े ने कोयला की काला कलर से अपने टी शर्ट में लिखा था रीमा मुझे माफ करना इस प्रकार से लिखकर नए सफेद कपड़ा में महुवा के पेड़ में फांसी लगा लिया। जानकारी मिलते ही थाना प्रेमनगर को सूचना दी । सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विराट बीसी, दीपक यादव, महेंद्र पटेल घटना स्थल पर पहुंचे जहां से पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम करकर परिजन के सुपुर्द किया है।



### वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम कटकोना निवासी भगवान राम आ. स्व. बालक राम (56 वर्ष) 1 मार्च को बेटी के लड़क का तबियत खराब हो जाने से बेटा राम के साथ बाइक से उपचार कराने अस्पताल लेकर जा रहे थे। जैसे ही गणेशपुर के पास पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे भगवान राम गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द किया है।

### यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**प्रतापपुर।** बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे यात्री बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गया। घायल का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार ग्राम बदोली निवासी दामोदर आ. चांदी (55 वर्ष) सोमवार की दोपहर बाइक क्रमांक सीजी 30 एफ 2610 से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे यात्री बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार जारी है। इधर मार्ग पर आए दिन दुर्घटना होने से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## बैंक एवं समिति कर्मियों ने 127 किसानों के नाम आहरित कर लिया 93 लाख का फर्जी ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




सीतापुर तहसील अंतर्गत सहकारी समिति केरजू में 127 किसानों के नाम से फर्जी ऋण निकालने एवं बैंक एवं समिति के कर्मचारियों द्वारा किसानों के फर्जी हस्ताक्षर के ऋण राशि आहरित करने का खुलासा हुआ है। कलेक्टर ने मामले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं समिति के 8 अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए है।

- जांच उपरांत कलेक्टर ने दिए दोषियों के विरूद्ध एफआईआर कराने के निर्देश

कृषकों की शिकायत पर कलेक्टर ने संयुक्त दल से मामले की जांच कराई थी। सहकारी समिति केरजु के किसानों ने कलेक्टर से उनके नाम पर फर्जी ऋण निकालने की शिकायत की थी। किसानों ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया था कि वे समिति द्वारा धान विक्रय के लिए उनका पंजीकरण किया गया है। समिति में धान विक्रय करने के उपरांत राशि के लिए बैंक पहुंचे तो उनके खाते में ऋण राशि दर्ज होने की जानकारी मिली। बैंक द्वारा धान की राशि ऋण खाते में समायोजित करने के कारण उन्हें भुगतान नहीं मिला। किसानों ने बैंककर्मियों से ऋण के संबंध में पूछताछ की तो उन्हें सही जानकारी नहीं दी गई। कुछ किसानों ने खेती के लिए 30 से 60 हजार तक कर्ज लिया था लेकिन जानकारी दी गई कि उनके खाते में 3 लाख से 5 लाख तक ऋण लेने एवं धान की राशि समायोजित की गई है। शिकायत पर कलेक्टर ने सीतापुर एसडीएम के नेतृत्व में जांच दल गठित कर मामले की त्वरित जांच करने के निर्देश दिए। संयुक्त समिति के जांच में 127 किसानों के नाम 93 लाख का फर्जी ऋण आहरित करने का खुलासा हुआ है। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि तत्कालीन प्राधिकृत अधिकारी मदन सिंह, सहकारी निरीक्षक जोगीराम सैनाथ केरकेट्टा, तत्कालीन शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह परिहार, सहायक लेखापाल शिवशंकर सोनी, कैशियर ललिता सिन्हा, सहायक सुमित कुमार एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सुमित सिन्हा की भगत से इस बड़े फर्जीवाड़ा को अंजाम दिया गया है। मामले में कलेक्टर अजीत बसंत ने दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश बैंक के सीईओ को दिए हैं तथा संयुक्त दल की 1900 पृष्ठों की जांच रिपोर्ट भी भेजी है।

### होली पर्व को लेकर चौक चौराहों में चलाया जा रहा विशेष अभियान

**बम्हनीडीह।** होली त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बम्हनीडीह पुलिस ने क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया है। मुख्य चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी रखते हुए ड्रिंक एंड ड्राइव, नाबालिग वाहन चालकों और गाड़ियों के दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है।

होली के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अव्यवस्था को रोकने और आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जार रहा है। होली के दौरान बढ़ती आवाजाही और उत्साह को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने पहले से ही रणनीति तैयार की है । इससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी हुई है और लोगों में नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। त्योहार के समय शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाओं को रोकने के लिए संदिग्ध वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जा रही है।

### चन्द्रग्रहण के कारण मंगलवार को 9 बजे से मंदिर का पट रहेगा बंद

**जांजगीर-चांपा।** रंगों का त्योहार 4 मार्च को चैत्र प्रतिप्रदा को मनाया जाएगा । दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि 3 मार्च को होलिका दहन मुर्हूत भद्रा के पुछ में 7 बजे से 9 बजे के मध्य या रात को 1 बजकर 26 मिनट से 2 बजकर 36 मिनट में होलिका दहन किया जा सकता है। 3 मार्च को चन्द्र ग्रहण भी है जो भारत में शाम 6 बजकर 7 मिनट से 6 बजकर 47 मिनट तक दृश्य रहेगा। खग्रास चन्द्र ग्रहण के कारण मंदिर का पट मंगलवार 3 मार्च को सुबह 9 बजे बंद कर दिया जाएगा। शाम 7 बजे ग्रहण समाप्ति के बाद हनुमान को गंगाजल से स्नान कराकर सेन्दुराभिषेक किया जाएगा। इसके बाद आरती व सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाएगा।

पर्यावरण प्रेमियों ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की रखी मांग

## लच्छीबंध तालाब में स्थगन आदेश के बाद भी अतिक्रमण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

तहसीलदार न्यायालय के स्थगन के बाद भी लच्छीबंध तालाब को पाटकर निर्माण किया जाना बदस्तूर जारी है। प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराते हुए आदेश का उल्लघंन करने वालों पर कार्यवाही की मांग की गई है।

लच्छीबंध तालाब को बचाने का संघर्ष को डेढ़ दशक से भी ज्यादा हो रहा है। करीब 17 वर्ष पूर्व लच्छीबंध तालाब घाट में बने हाते की कुछ दीवाल को तोड़े जाने के बाद राखड़ डालकर तालाब को पाटने की खबर से लोग आंदोलित हो उठे थे। धरना प्रदर्शन के बीच तत्कालीन तहसील न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश दिये जाने व तत्कालिक एसडीएम व तहसीलदार द्वारा प्रशासन की ओर आंदोलनकारियों को आश्वासन दिये जाने के बाद आंदोलन वापस लिया गया था। तब से आज तक पर्यावरण प्रेमियों द्वारा तालाब को बचाने संघर्ष बदस्तूर जारी है। उस समय तालाब पुलिस थाने के सामने वाली मुख्य सड़क से लगा हुआ था। तालाब के एक ओर शहीद राजकरण दुग्गड उद्यान व सड़क दुसरी ओर तालाब के हाते बने हुए तालाब के घाट थे। तालाब व सड़क के बीच किसी प्रकार का कोई व्यवसायिक प्रतिष्ठान या मकान , दुकानें नहीं थी। बाद में लोगो द्वारा फुटपाती दुकान लगाने, फिर धीरे से घेरा बंदी करने, फिर पीछे से तालाब को पाट कर काप्लेक्स भवन बना लेने का षड्यंत्र चलता रहा। समय समय पर प्रशासन का ध्यान आकर्षण करते हुए शिकायत होता रहा है। अब पुनः पर्यावरण प्रेमी रविन्द्र कुमार मासुलकर द्वारा लिखित शिकायत की गई। जिस पर तहसीलदार चांपा द्वारा पुलिस को आदेश जारी कर उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। उच्च अधिकारी व निम्न अधिकारी के बीच निर्देश पर निर्देश दिया जा रहा है लेकिन धरातल पर कुछ होता दिखाई नहीं दे रहा है। तालाब को बचाने की मुहिम मे पूर्व से जुड़े गिरधारी यादव व साथियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम चांपा द्वारा सीएमओ चांपा को फोन लगाकर तालाब पर अवैध निर्माण कार्य पर संबंधित दुकान निर्माण कर्ताओं को नोटिस जारी करने के लिए कहा गया है। इसी कड़ी में तहसीलदार द्वारा पुलिस को निर्देश दिया गया है। तहसीलदार द्वारा पुलिस को निर्देश दिया गया है।



अतिक्रमण कर किया जा रहा निर्माण कार्य।

## शराब पीने के लिए रुपए की मांग कर मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

शराब पीने के लिए रुपए की मांग करते हुए मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना अंतर्गत गंगाजल का है।

इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गंगाजल निवासी चंद्रिका प्रसाद आजाद निवासी गंगाजल ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि गांव का सुरेश यादव द्वारा 22 फरवरी की सुबह 10 बजे इसके घर के पास गया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा था, और शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर रहा था जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 66/26 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था । पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के द्वारा प्रकरण के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देशन पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जांजगीर श्री विजय कुमार पैकरा के कुशल मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक कमलेश शेंडे के नेतृत्व कार्यवाही करते हुवे आरोपी को पकड़ कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### हमलावर आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

**कोरबा।** थाना पाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निरधी थाना पाली निवासी दुर्गेश मरकाम पिता शिव सिंह मरकाम उम्र 20 वर्ष ने 1 वर्ष 2020 में विनय कश्यप को जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर दिया था जिससे उसे गंभीर चोट आयी थी। मामले में पुलिस ने विवेचना पूरी कर प्रकरण को न्यायालय शीलू सिंह द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा में प्रस्तुत किया था। जहां न्यायालय ने दुर्गेश मरकाम के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर 5 वर्ष सश्रम करावास व 2 हजार रू० के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। उक्त प्रकरण में विचारण के दौरान माननीय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी शीलू सिंह के द्वारा साक्षियों के कथन एवं घटना के तथ्यों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए घटना को संदेह से परे प्रमाणित पाते हुए आरोपी को उक्त अपराध धारा में दोषी सिद्ध पाया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक दिलीप झा ने किया।

### साई कॉलेज में विज्ञान दिवस पर आयोजित हुई पोस्टर प्रदर्शनी

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में विज्ञान दिवस मनाया गया। कैटलाइजिंग विकसित भारत थ्रू इंडियन नॉलेज सिस्टम इन साईंस विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित हुई जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा की जरूरत, कृत्रिम बुद्धि की दक्षता, मेक इन इंडिया, आर्थिक शक्ति के रूप में भारत, अंतरिक्ष में भारतीय क्षमता का प्रदर्शन, विज्ञान में प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली को कैनवास पर उकेरा। साईंस क्लब के प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि विद्यार्थियों ने पोस्टर पर भारतीय ज्ञान परम्परा के इतिहास और विकास को दर्शाया है तो दूसरी ओर हरित ऊर्जा को 21 सदी की जरूरत बताया। पोस्टर में संख्याओं के विकास और प्रक्रिया को दर्शाया गया है। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान डॉ.शैलेष देवांगन, डॉ.आरएन शर्मा, डॉ.विवेक कुमार गुप्ता, अरविन्द तिवारी, डॉ.दिनेश शाक्य और राकेश कुमार सेन आदि उपस्थित थे।

### गौ तस्करों को ग्रामीणों ने पकड़ा, पथराव के बाद तस्कर मवेशी लेकर भागे

लखनपुर। गौ तस्करों को ग्रामीणों ने जब पकड़ा तो अज्ञात लोगों ने पथराव करना शुरू कर दिया। इसी बीच पिकअप चालक ने कुछ मवेशियों को लेकर न सिर्फ भागने लगा बल्कि ग्रामीणों को कुचलने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने मवेशी तस्करों से 10 मवेशियों को छुड़ाया। जानकारी अनुसार लखनपुर थाना क्षेत्र के तराजू गांव में ग्रामीणों ने बीती रात करीब 10 बजे गौ तस्करी के शंका होने पर मवेशी से भरा पिकअप वाहन सहित एक बाइक एवं एक कार को रोककर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान ही पिकअप वाहन चालक द्वारा भागने के चक्कर में लोगों को कुचलने का प्रयास किया और मवेशी से भरा पिकअप लेकर फरार हो गया। इधर बलेनो कार में सवार गौ तस्कर गाड़ी छोड़कर भाग खड़े हुए। इस दौरान एक गाड़ी और टूटी-फूटी अवस्था में कार मिला। ग्रामीणों ने बताया कि तस्करों से करीब 10 मवेशी छुड़ाए गए हैं वहीं करीब 6 मवेशी को पिकअप में भरकर गौ तस्कर फरार हो गए। वही गाड़ी मालिक जब सुबह ग्रामीणों से मुलाकात करने पहुंचा तो सरपंच एवं अन्य ग्रामीणों के समक्ष उनके द्वारा मवेशी के संबंधित कोई भी दस्तावेज नहीं दिखाया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

### नशीला टैबलेट बेचते पकड़ा गया तहसील कार्यालय का भृत्य, भेजा गया जेल

**अम्बिकापुर।** विश्रामपुर तहसील का चपरासी लग्जरी कार में नशीला टैबलेट बेचते संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम के हत्थे चढ़ा। टीम ने युवक के पास से बड़ी संख्या में नशीला टैबलेट जब्त किया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आबकारी उड़नदस्ता टीम की नशे के सौदागरों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। 1 मार्च को आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने विश्रामपुर तहसील का चपरासी लग्जरी कार में नशीला कैप्सूल टैबलेट का सप्लाई करते हुए गिरफ्तार किया।

## निधन

### रामसाय साहू



**कोरबा।** बेलगड़ी बस्ती बालको निवासी रामसाय साहू 74 वर्षीय का निधन 1 मार्च को हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार परसाभांठा मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे एक बेटा दो बहन और नाती पोता सहित भरापूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पीडीएस में गड़बड़ी...

किया गया है कि वे अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करे। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित तिथि तक संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है तो संबंधितों के विरुद्ध आर्थिक अनियमितता और गबन के मामले में प्राथमिक सूचना प्रतिवेदन दर्ज कराई जाएगी और नियमानुसार एकपक्षीय कठोर कार्यवाही की जायेगी।

### निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्वच्छता में सहयोग करने वार्ड वासियों की अपील

# वार्डों में चलाया जा रहा मेगा स्वच्छता ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र में लगातार स्वच्छता के महाअभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के पांचवे दिवस दिन बुधवारी और रविशंकर शुक्ल नगर में मेगा स्वच्छता ड्राइव चलाई गई। निगम के अधिकारी इन वार्डों में पहुंचे तथा गली-गली का भ्रमण कर पैमाने पर किये जा रहे साफ-सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। बस्ती की गलियों, नालियों आदि की सम्पूर्ण सफाई किये जाने तथा स्वच्छता कार्य के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट का स्थल से तुरंत उठाव व परिवहन करने के निर्देश दिए गए हैं।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा 25 फरवरी से स्वच्छता का महा अभियान संचालित किया जा रहा है। महाअभियान के पांचवे



सफाई कार्यों का निरीक्षण करते निगम आयुक्त व अन्य अधिकारी।

दिन सोमवार को निर्धारित कार्यक्रमानुसार वार्ड व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राइव चलाई गई। पांचवें दिन वार्ड क्र. 24 बुधवारी क्र. 2 एवं वार्ड क्र. 26 रविशंकर शुक्ल नगर के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, मुख्य व संपर्क सड़कों, नालियों में मेगा स्वच्छता ड्राइव संचालित कर नाले एवं नालियों के ऊपर से स्लेब हटाकर उनकी सतह से सफाई, सड़क के किनारे जमी हुई धूल, मिट्टी, बर्म, झाड़ियों की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन, कीटनाशक दवाओं, ब्लीचिंग पाउण्डर का छिड़काव आदि के कार्य व्यापक पैमाने पर किये गये। आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त वार्ड के रहवासियों के साथ ही समस्त आमजनों से अपील करते हुये कहा कि वे शहर की स्वच्छता में व निगम के स्वच्छता महाअभियान में अपनी सहभागिता व सहयोग दें। स्वच्छता महाअभियान के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 मार्च को वार्ड क. 44 नेहरूनगर व वार्ड क्र. 53 चोरभट्ठी के विभिन्न बस्तियों, कालोनियों, मुख्य व संपर्क सड़कों आदि में विशेष मेगा स्वच्छता ड्राइव संचालित की जाएगी तथा वृहद साफ-सफाई के कार्य किये जाएंगे।

## समस्याओं के संबंध में जनपद सदस्य ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका क्षेत्र के विस्तार परियोजना के कारण भूमि के जल सूख जाने के कारण अस्पताल एवं पूरे हरदीबाजार में पीने के पानी तथा एवं निस्तारी पानी की व्यवस्था की मांग को लेकर जनपद सदस्य सनिता अनिल टंडन ने कलेक्टर सहित एसईसीएल प्रबंधन को समस्याओं को अवगत कराया है तथा बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य में भारी पानी की समस्या है मरीजों को रहने तथा पीने एवं अन्य गतिविधियों के लिए पानी की बहुत ही समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हैवी ब्लास्टिंग के कारण बिल्डिंग जर्जर हो चुका है तथा कई बार जनपद सदस्य के द्वारा अस्पताल की दुर्दशा को कई बार अवगत कराया जा चुका है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एकांत जगह हो जाने के कारण हम लोगों को रात्रि के समय कम आना जाना रहता है जिसका फायदा और असामाजिक तत्व के लोग उठाते हैं तथा रात्रिकालीन ड्यूटी के समय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सामाजिक तत्व का आना-जाना रहता है जिससे महिला स्टाफ को रात्रि कारण ड्यूटी करने में परेशानी की सामना करना पड़ता है जिसे देखते हुए जनपद सदस्य ने कलेक्टर को अवगत कराते हुए संबंधित सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक आरक्षक की मांग की है तथा क्षेत्र में विकराल पानी की समस्या एवं रोड में पानी छिड़काव को नियमित रूप से करने की मांग की है।



सरिता अनिल टंडन

# यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के शिविर में हुई स्पर्धाएं



शिविर के दौरान उपस्थित एसोसिएशन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया कोरबा इकाई द्वारा 28 फरवरी एवं 1 मार्च को सतरेंगा में अपना 2 दिन 1 रात फैमिली कैंपिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि संजीव कंसल मुख्य अभियंता, डीएसपीएम कोरबा रहे तथा श्रीमती अलका कंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। लगभग 40 सदस्यों ने इस आयोजन में भाग लिया। राज्य चेयरमैन संदीप सेठ ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में तारामंडल अवलोकन मूनलाइट वॉक, खेलकूद, टेंट कैंपिंग, बोनफायर, जल क्रीड़ाएं, पानी के भीतर ट्रेकिंग, नौकायन, स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन तथा होली मिलन समारोह जैसे विविध आकर्षक आयोजन शामिल थे।

मुख्य अतिथि एवं संरक्षक संजीव कंसल ने कोरबा इकाई की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सुव्यवस्थित कार्यक्रम इकाई को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। श्रीमती अलका कंसल ने भी कैंपिंग अनुभव का आनंद लिया तथा सभी सदस्यों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन राज्य चेयरमैन संदीप सेठ के नेतृत्व में , इकाई उपाध्यक्ष त्रिभुवन कौशिल, कोषाध्यक्ष प्रेमलाल मिरेंद्र, कार्यकारिणी सदस्य कल्पना सेठ , दीपेश राठौर एवं शिवकुमारी तथा सचिव शैलेन्द्र के सहयोग से संपन्न हुआ। कैंप के दौरान सदस्यों को पारिवारिक टेंट लगाने एवं अस्थायी पर्यावरण अनुकूल शौचालय निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाणपत्र वितरण एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर किया गया। प्रमुख प्रतिभागियों में अनामिका अतुल गुप्ता, अलका सुनील सेठ, मालती प्रदीप जोशी, स्मृति योगेश राठौर, साधना, एम.सी. सोनी, अलका नवीन मानिक, स्मिता आनंद देशपांडे, बी.एस. अहिरे, प्रियंका, शारदा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## क्षतिपूर्ति की राशि नहीं मिलने पर किसानों ने लगाई गुहार



कलेक्टोरेट पहुंचे पसान क्षेत्र के ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाथियों के उत्पात से परेशान पसान क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनदर्शन में अपनी समस्या सुनाई। किसानों ने शिकायत की है की पसान क्षेत्र में हाथियों का झुंड लगातार उत्पात मचा रहा है लेकिन वन विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति और मुआवजे की राशि नहीं दी जाती कलेक्टर ने उनकी शिकायतें सुनी और जांच कर निराकरण की बात कही।

जिले में लगातार विचरण कर रहे हाथियों के झुंड ने किसानों को परेशान कर दिया है ताजा मामला पसान क्षेत्र के बर्रा हर देव गांव से सामने आया है यहां के दो दर्जन से अधिक किसानों ने आकर कलेक्टर के सामने अपनी समस्या से अवगत कराया। किसानों ने बताया की हाथी हमारे क्षेत्र में लगातार उत्पात मचा रहे हैं लेकिन वन विभाग अपनी आंखें बंद किया हुआ है फसलों के नुकसान जनहानि सहित कई मामले में विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति राशि और मुआवजा नहीं दिया जा रहा है जिसको लेकर हम किसान काफी परेशान है किसानों ने कहा कि चाहे सरकारी मुलाजिम हो चाहे आम आदमी सभी का पेट किसान ही भरता है ऐसे में किसानों को नजरअंदाज कर देना उचित नहीं है यदि यदि प्रशासन ने हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो मजबूर होकर किसानों को प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

### गैस कनेक्शनधारियों ने कराई ई-केवाईसी

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार क्षेत्र के सभी कंपनियों के गैस कनेक्शनधारियों के ग्राहकों को ई-केवाईसी करवाने और सुचारु रुप से गैस सिलेंडर देने के लिए बतारी गैस एजेंसी, मोंगरा गैस एजेंसी, जमनीपाली गैस एजेंसी, उतरदा गैस एजेंसी, पाली गैस एजेंसी ने हरदीबाजार हटवारा में एक दिवसीय कैंप रविवार को लगाकर ई-केवाईसी किया गया, जिनका ईकेवाईसी (बायोमेट्रिक फिंगर ) नहीं हुआ है, ईकेवाईसी ना होने पर गैस कनेक्शन बंद हो जायेगा । जिसके लिए सभी कंपनियों के गैस सिलेंडर ग्राहकों को गैस कार्ड, आधार कार्ड व मोबाइल नंबर के माध्यम से ई-केवाईसी किया गया। कुल 150 इंडेन गैस कनेक्शन धारियों ने ई-केवाईसी कराए। इस दौरान सरपंच लोकेश्वर कंवर,सचिव बिसाहू सिंह राज, राजाराम राठौर,उतरदा इंडेन गैस एजेंसी के संचालक जितेन्द्र राठौर, बांकीमोंगरा त्रिभुवन सिंह कंवर, बतारी भूषण कंवर, चुन्नी लाल यादव,विक्की जायसवाल, हीरालाल यादव उपस्थित थे।

## डेयरी और मिठाई दुकानों से लिया गया खाद्य सामग्री का सैंपल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होली त्यौहार के पूर्व डेयरी और मिठाई दुकानों में खाद्य सामग्री का सैंपल लेने की कार्यवाही शहर और उपनगरीय क्षेत्र में सोमवार को खाद्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग के द्वारा की गई। विभागीय टीम के द्वारा सैंपल लेने के साथ उसकी जांच के लिए रायपुर लैब भेजा गया है।

विभाग के द्वारा सोमवार को की गई कार्यवाही के दौरान टीपी नगर मेन रोड में संचालित सुगर क्राउन व्यवसायिक प्रतिष्ठान पहुंचकर वहां से काजू कतली का सैंपल लिया गया। इसके साथ ही व्यवसायिक प्रतिष्ठान के अंदर सामग्रियों को तैयार किए जाने वाले स्थल का भी निरीक्षण कर साफ सफाई की स्थिति देखी गई।इसी तरह पॉवर हाउस रोड स्थित जगदम्बा डेयरी से पनीर, खोवा का सैंपल लिया गया। शहर के अलावा विभागीय टीम उपनगरीय क्षेत्र कुसमुण्डा पहुंची और वहां संचालित मां कालिका डेयरी पहुंचकर वहां से भी पनीर व खोवा के सैंपल लिए गए हैं। टीम के द्वारा सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के लिए गए सैंपल को जांच के लिए राजधानी स्थित विभाग के लैब में भेजा गया है। ज्ञात हो कि विभाग के द्वारा लगातार खाद्य सामग्रियों में मिलावट की शिकायतों को लेकर समय समय पर सैंपल लेने की कार्यवाही की जाती है।

## घायल व शोकाकुल के परिवार से मिलने पहुंचे उद्योग मंत्री

**कोरबा।** उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन रविवार की देर शाम संजय नगर स्थित लक्ष्मणबन बस्ती पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की। दो दिन पूर्व बस्ती में बाउंड्रीवाल गिरने से धनेश कर्ष पिता मुकेश कर्ष उम्र 4 वर्ष की दबने से मृत्यु हो गई थी, वहीं सोनू कर्ष 20 वर्ष, विशाल यादव 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों एवं स्थानीय जनों से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी ली। पीड़ित परिवार के घर पर शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। घायलों की जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मंत्री श्री देवांगन ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से फोन पर बात कर घटना की सूक्ष्मता से जांच कर कार्रवाही के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर संजू देवी राजपूत, भोलू यादव, पार्षद नरेंद्र देवांगन, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, राकेश नागरमल अग्रवाल भी उपस्थित रहे।



## संकुल स्तरीय कब बुलबुल उत्सव, रोचक गतिविधियों का छात्रों ने उठाया लुत्फ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखण्ड कोरबा के संकुल फुलसरी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला, बासीन में एक दिवसीय संकुल स्तरीय कब बुलबुल उत्सव का आयोजन किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय कब बुलबुल उत्सव में फुलसरी संकुल के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शालाओं से 67 कब, बुलबुल ने भागीदारी की। संकुल स्तरीय कब बुलबुल उत्सव का संयोजन संकुल प्राचार्य अनिमा प्रसाद एवं कब मास्टर नोहर प्रसाद चन्द्रा द्वारा किया गया। कब बुलबुल उत्सव में छात्रों ने विशाल गर्जना, जंगल बुल से संबंधित गतिविधियां, बुलबुल फेरा गीत, खेल सहित कई रोचक और मनोरंजक कार्यक्रमों में भागीदारी की। आयोजन का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास उत्पन्न करते हुए खेल- खेल में शिक्षा तथा बौद्धिक एवं शारीरिक विकास को बढ़ावा देना था। कब बुलबुल उत्सव की औपचारिक शुरुआत शाला प्रबंधन समिति, बासीन के अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि अजीज मोहम्मद के मुख्य आतिथ्य में हुई। जिला संगठन आयुक्त द्वय डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। शिविर संचालक फ्लॉक लीडर नमिता कड़वे रहीं। सहायक शिविर संचालक के रूप में कब मास्टर नोहर प्रसाद चन्द्रा, श्रीकांत भारिया, फ्लॉक लीडर आसमा कुरैशी ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में सीएसी खेमचंद राजवाड़े, प्रधानपाठक नरेश्वर राठिया, मानिकदास महंत, जितेन्द्र देवांगन, भत्ता बरेठ, रूद्र कुमार टण्डन, छतराम यादव, सूर्य प्रकाश सिंह ठाकुर, कंसराम पैकरा सहित अन्य उपस्थित थे।

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी / अनुविभागीय अधिकारी (रा०) पोंड़ी उपरोड़ा,जिला- कोरबा (छ०ग०)

**// ईश्तहार//**

क्रमांक / 510 / अविअ/वाचक / 2026
पोंड़ी उपरोड़ा दिनांक 18/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सागरमल अग्रवाल पिता धनसीराम अग्रवाल निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कसनिया प.ह.न. 44 तहसील पोंड़ी उपरोड़ा जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 263/9, 263/12, 263/15 रकबा क्रमशः 0.061, 0.036, 0.081 हे. कुल रकबा 0.178 हे. भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने बाबत आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 05/03/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थानः- पोंड़ी उपरोड़ा
दिनांकः 18/02/2026

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पोड़ी उपरोड़ा (छ.ग.)**






## खबर संक्षेप



### राधेय विद्यापीठ के बच्चों ने बनाया हर्बल गुलाल

**कोरबा।** राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल के कक्षा 6 से 9 तक के बच्चों ने स्कूल संचालक राधेश्याम मनहर के सानिध्य में सुगंधित हर्बल गुलाल बनाया है। यह गुलाल वनस्पतियों से जैसे चुकंदर, गाजर, पालक भाजी और हल्दी के रंगों से बनाया गया है। इसमें किसी प्रकार का केमिकल उपयोग नहीं किया गया है इसलिए यह पूर्ण रूप से सुरक्षित और बिना किसी नुकसान का है। हमारे स्कूल के बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ व्यावसायिक ज्ञान भी दिया जा रहा है ताकि आने वाले दिनों में बच्चे अपना कैरियर व्यवसाय में भी बनाने में अभी से प्रेरित हों । स्कूल के सभी बच्चों ने आज पानी बचाने सूखी होली खेलने का संकल्प लिया। होली के पावन अवसर पर हम किसी तरह का केमिकल वाले रंग अथवा गुलाल का उपयोग से बचें। स्कूल के बच्चों द्वारा बनाया गया हर्बल गुलाल से हमारे सभी पालक अत्यंत प्रभावित हुए और बच्चों को निकट भविष्य में कुछ इस तरह की करने के लिए उत्साहित किए।

### शिवराज के फागुनी गीतों पर थिरके लोग



**कोरबा।** होलिका दहन की पूर्व संध्या को आरएसएस नगर मे फाग गीतों के साथ लोगों ने परंपरा और संस्कृति के साथ खुद को जोड़ा। राज्यपाल शिक्षा अलंकरण से सम्मानित पंडित शिवराज शर्मा के फाग गीतों ने ऐसा जादू बिखेरा कि श्रोता झूमने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद पंडित शिवराज शर्मा ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक फाग रचनाओं को अपने मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। नगाड़ा, ढोलक और मंजीरे की थाप के साथ जब फाग गीत गूंजे तो उपस्थित लोगों के कदम खुद-ब-खुद थिरकने लगे। फाग गीतों में राधा-कृष्ण की होली, बरसाने की ठिठोली और ब्रज की मस्ती का जीवंत चित्रण हुआ। फागुनी बयार चली तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो आरएसएस नगर का इलाका ब्रजधाम में बदल गया हो और आसपास ही वृंदावन-बरसाना की होली की छटा बिखर रही हो। फाग गीतों की मिठास और रंगों की उमंग ने सभी के मन में होली के प्रति उत्साह को और बढ़ा दिया।

### प्रेरणा महिला मंडल द्वारा मनाया गया होली मिलन समारोह



**कोरबा।** डीएसपीएम आवासीय परिसर स्थित सीनियर क्लब में प्रेरणा महिला मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उत्सव में ब्रज की परंपरा को जीवंत करते हुए फूलों की होली और लठमार होली मुख्य आकर्षण रहे। मंडल की सभी सदस्य राधा और कृष्ण के मनमोहक स्वरूप में सजकर आईं थीं। गेंदा, गुलाब और पलाश के फूलों की वर्षा के बीच जब राधा-कृष्ण बने सदस्यों ने नृत्य किया गया। मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अलका कंसल एवं श्रीमती निवेदिता बंजारा ने कहा कि फूलों की होली प्रेम और प्रकृति के करीब रहने का संदेश देती है। समारोह में श्रीमती अनु सरना, श्रीमती पूनम भगत, श्रीमती भारती खरे एवं श्रीमती रजनी अग्रवाल, श्रीमती रश्मि साहू, श्रीमती अनामिका गुप्ता, श्रीमती कादंबरी राणा एवं श्रीमती गीता पैकरा सहित प्रेरणा महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं।

### पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के जन्मदिवस पर रजनीश व नवीन ने किया स्वागत



**कोरबा।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनके निज निवास में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री एवं रायगढ़ प्रभारी रजनीश तिवारी पूर्व छत्तीसगढ़ शासन के श्रम कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं संयुक्त सचिन प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ नवीन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जय सिंह अग्रवाल के जन्म जयंती पर भव्य स्वागत और केक काटकर मिठाई खिलाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया एवं उनके दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से कटघोरा मंडी उपज के पूर्व अध्यक्ष रामनारायण कश्यप, अरविंद सिंह, राशिद खान, पिछड़ा वर्ग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद कर्ष सहित अन्य उपस्थित थे।

# धमनागुड़ी और खरहरी में आज भी कायम है होली नहीं मनाने की पुरानी परंपरा

फिरतन विश्वकर्मा ⏭ मड़वारानी

अलग खबर

रंगों के त्यौहार होली के मनाए जाने की कई परंपराएं चल रही हैं। इन्हीं परंपराओं के बीच अंचल के दो गांव ऐसे हैं जहां ना होली जलती है और ना रंग खेले जाते हैं। जब सारा अंचल रंगों के त्यौहार में सराबोर रहता है और लोगों के चेहरे कई रंगों में रंगे रहते हैं वहीं इन दो गांव धमनागुड़ी और खरहरी में ना तो रंग खेला जाता है और ना ही लोगों के चेहरे रंग में रंगे नजर आते हैं।

करतला विकासखंड के ग्राम धमनागुड़ी और खरहरी की तस्वीर होली जैसे रंगों के त्यौहार के दिन भी सूनी रहती है। किसी दैवीय प्रकोप और अनेक किदवंतियों के बीच होली नहीं मनाने की परंपरा को 100 वर्ष से भी लंबा समय बीत चुका है। इतने लंबे समय अंतराल के दौरान कुछ वर्षों में होलिका दहन करने और रंग खेलने का प्रयास किया गया था। इस दौरान कुछ ऐसी घटनाएं इन दोनों गांव में घटती हुई देखी गई जिसे गांव के पुराने बुजुर्गों ने किसी दैवीय प्रकोप मानते हुए होलिका दहन नहीं करने का निर्णय लिया। जो आज तक कायम है। कई ऐसी घटनाएं भी बताई जा रही है जो अक्सर होलिका दहन करने और रंग खेलने के दौरान घटित होती है। इन घटनाओं से दहशत मे रहने वाले ग्रामीणों ने रंग के इस त्यौहार से दूरी बनाए रखना ही उचित समझा और आज भी दूरी बनाए हुए हैं।

## 100 वर्ष का बीत चुका है लंबा समय, माना जाता है दैवीय प्रकोप

**खास बातें**

- पहले मनाने के हुए थे प्रयास किन्तु अनहोनी की घटनाओं से ग्रामीण हुए भयभीत



## क्या कहते हैं गांव के बुजुर्ग



धमनागुड़ी निवासी छातु सिंह अगरिया ने बताया कि एक बार होली मनाने का कोशिश किया गया था लेकिन गांव के देवी देवता डगरिया माता के द्वारा डंडे से मारा गया था तब से होली नही मनाया है।



फूल सिंह कंवर ग्राम खरहरी निवासी ने बताया कि उसे नहीं पता कि कब से होली नहीं मनाया जा रहा है। सुनने को मिला था कि एक बार गांव में होली मनाने की कोशिश किए थे तो कई लोगों को फुंसी फोड़ा हो गया था और आग का लव गिरा था।

## पंचागों और ज्योतिषियों के सामने आए पौराणिक विचार

# होली पर ग्रहण का रंग, सोमवार आधी रात बाद जली होली, मंगलवार नहीं, बुधवार को खेला जाएगा रंग



होलिका की पूजा अर्चना करती महिलाएं।



आधी रात के बाद किया गया होलिका दहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पौराणिक पंचांगों के अनुसार होली के रंग पर इस बार ग्रहण का रंग चढ़ गया है। आमतौर पर होलिका दहन के बाद ही रंग खेलने की परंपरा शुरु हो जाती है लेकिन पौराणिक तिथियों में कभी कभी ऐसी स्थिति भी निर्मित होती है कि होलिका दहन के तत्काल बाद रंग खेलना वर्जित रहता है। कुछ ऐसा ही इस वर्ष भी हो रहा है। होलिका दहन का मुहूर्त सोमवार को आधी रात के बाद 1.30 बजे से 2.30 बजे तक व ब्रम्ह मुहूर्त में बताया गया है।

होलिका दहन के मुहूर्त को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच पंचागों और पौराणिक तिथियों का उल्लेख आवश्यक हो गया है। होलिका दहन का समय सोमवार रात 12 बजे के बाद बताया गया है। पंचांगों के अनुसार रात 1.30 बजे से होलिका दहन का मुहूर्त शुरु होगा। इससे पूर्व सोमवार को शाम 6.55 बजे से पूर्णिमा तिथि प्रारंभ हो गई है जो मंगलवार शाम 7 बजे तक स्थिर रहेगी और इस पूर्णिमा तिथि पर पंचागों के अनुसार रंग खेलना वर्जित रहता है। होलिका दहन के पूर्व पूर्णिमा की तिथि के साथ भद्रा नक्षत्र का भी प्रभाव शुरु हो गया है और इस भद्रा नक्षत्र के प्रभाव तक किसी भी तरह के शुभ कार्य वर्जित रहते हैं और यह भद्रा नक्षत्र रात 1.15 बजे तक रहेगा। ऐसी स्थिति में होलिका दहन का विशेष मुहूर्त रात 1.30 बजे के बाद शुरु होगा। मंगलवार दिन भर पूर्णिमा तिथि होने के कारण रंग नहीं खेला जा सकेगा। ग्रहण समाप्ति के बाद चैत्र प्रतिपदा की तिथि प्रारंभ हो जाएगी जो बुधवार शाम तक रहेगी। ऐसी स्थिति में बुधवार को पड़ने वाली चैत्र प्रतिपदा की तिथि में रंग खेला जाएगा और अब तक रंग खेलने का मुहूर्त हमेशा चैत्र प्रतिपदा को ही रहता है।

### शाम 6.09 बजे से लगेगा चंद्रगहण

शहर के आचार्य राजन द्विवेदी एवं डी एन द्विवेदी के अनुसार मंगलवार की शाम 6.09 बजे से 6.55 बजे तक चंद्रग्रहण रहेगा। जो देश के कुछ क्षेत्रों में देखा जाएगा। इसलिए इस चंद्रग्रहण की मान्यता मानी जा रही है। चंद्रग्रहण के 11 घंटे पूर्व सूतक का प्रभाव शुरु हो जाता है। जो कुछ पंचांगों के अनुसार मंगलवार की सुबह 6.30 बजे से तो रायपुर पंचांग के अनुसार सुबह 9 बजे से सूतक लगने का समय बताया गया है। जो ग्रहण समाप्त होने तक प्रभावशील रहेगा। ऐसी स्थिति पर सुबह 6.30 बजे से शाम 7 बजे तक रंग नहीं खेला जा सकेगा। इसी तरह चैत्र प्रतिपदा तिथि की शुरुआत ग्रहण समाप्त होने के बाद हो रही है। जो बुधवार शाम तक रहेगी। उदिया तिथि होने के कारण बुधवार को पूरे दिन होली खेलने का मुहूर्त रहेगा।

### दहन के पूर्व हुआ होलिका पूजन

होलिका दहन के पूर्व उसके पूजन की भी परंपरा है जिसका निर्वहन कई समाज की महिलाओ के द्वारा किया जाता है। शहर के पुराने बस स्टेंड में होलिका दहन की परंपरा की शुरुआत अग्रवाल समाज के द्वारा की गई थी। जिसको लगभग 60 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। दिन में समाज की महिलाओं के द्वारा गोबर के कंडों की माला होलिका पर अर्पित करने के साथ पूजा की परंपरा निभाई जाती है। जो आज तक निरंतर जारी है। इसी तरह बालकोनगर के पाड़ीमार वार्ड में अग्रवाल मोहल्ला में भी होलिका दहन के पूर्व समाज की महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना की गई।

### हर्बल गुलाल की डिमांड सबसे ज्यादा

इस बार काफी युवा हर्बल रंग खरीदने को वरीयता दे रहे हैं। अधिकांश दुकानों पर चीन निर्मित सामान नहीं देखने को मिल रहा है। शहर के सर्कस मैदान में सजाए पिचकारियों के बाजार के विक्रेताओं ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से चायनीज सामान की डिमांड में कमी आई है। इस बार होली पर छोटा भीम, डोरीमोन, पांडा, मोटू-पतलू व फेंटम की पिचकारियों की धूम देखने को मिल रही है। बच्चों में इन पिचकारियों का अच्छा खासा क्रेज है। इनके अलावा कई कार्टून से लेकर बंदूक, टैंक और बार्बी जैसे तमाम करेक्टर की दर्जनों से अधिक पिचकारियां व ईको फ्रेंडली गुलाल और रंग से दुकान पटे हैं। त्योहार से पहले ही बुधवारी मेला मैदान सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर रंगों की दुकानें सज गई हैं। इलेक्ट्रॉनिक गन, हाइप्रेशर पाइप वाली पिचकारी और नए डिजाइन के खिलौने बच्चों की पहली पसंद बने हुए हैं। वहीं बाजार में इस बार मिट्टी से बने नगाड़े नहीं मिल पा रहे, जिससे खरीदार निराश हैं।

### जेल में भी उड़ेगा रंग गुलाल

जिला जेल में हर साल की तरह इस साल भी कैदी जेल की चार दीवारी के भीतर रंग गुलाल उड़ाएंगे। जेलर अमितेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 मार्च को सुबह 11 से 2 बजे तक जेल में तीन अलग अलग समूहों में सुरक्षा की दृष्टिकोण से होली पर्व मनाया जाएगा। जहां कैदी गुलाल के माध्यम से होली का त्यौहार मनाएंगे। साथ ही जेल मैनुअल के तहत होली पर्व पर विशेष डाइट उपलब्ध कराया जाएगा।

# निदेशक ने क्षेत्र में खनन कार्यों और पेस्ट फिल परियोजना की समीक्षा की



खदान का निरीक्षण करते हुए एसईसीएल के निदेशक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक ने सोमवार को कोरबा क्षेत्र का दौरा किया और मानिकपुर खदान, सरायपाली खदान, अंबिका ओसी खदान और सिंघाली साइट पेस्ट फिल परियोजना के लिए निर्धारित कार्यान्वयन स्थल सहित प्रमुख परिचालन इकाइयों की व्यापक समीक्षा की।

एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक ने सभी खदानों में कोयला उत्पादन की स्थिति, उत्पादकता मापदंड, उपकरण तैनाती, ओवरबर्डन प्रबंधन और प्रेषण प्रदर्शन का आकलन किया। परियोजना टीमों के साथ विस्तृत चर्चा की गई ताकि वर्तमान उत्पादन स्तरों का मूल्यांकन किया जा सके और वित्तीय वर्ष के शेष दिनों में परिचालन दक्षता बढ़ाने के अवसरों की पहचान की जा सके। सिंघाली साइट पर, उन्होंने पेस्ट फिल परियोजना की प्रगति और कार्यान्वयन स्थिति की समीक्षा की। सतत भूमिगत खनन और बेहतर संसाधन पुनर्प्राप्ति के लिए इसके रणनीतिक महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने संबंधित टीमों को समय पर निष्पादन और तकनीकी लक्ष्यों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उत्पादन को अधिकतम करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उन्होंने उपलब्ध क्षमताओं के इष्टतम उपयोग, उत्पादन और प्रेषण इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय और वर्ष के अंत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए केंद्रित निगरानी पर बल दिया। उन्होंने यह भी दोहराया कि सुरक्षा, गुणवत्ता मानक और पर्यावरण अनुपालन सभी परिचालन गतिविधियों का अभिन्न अंग बने रहना चाहिए। इस दौरे के दौरान कोरबा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी और परियोजना प्रमुख उपस्थित थे।

### अनियंत्रित हुई स्कूटी, झाड़ियों में गिरा युवक, मौत

**कोरबा।** दर्री क्षेत्र के सीएसईबी सिपेट रोड पर रविवार की शाम एक ऐसा हादसा हुआ, जिसमें सीएसईबी कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय मुकेश कंवर की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार घटना रविवार शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच की है। मुकेश अपनी स्कूटी से कहीं जा रहे थे, तभी सिपट रोड पर वे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरे। वहां से गुजर रहे राहगीरों की नजर जब झाड़ियों में फंसी स्कूटी पर पड़ी, तो वे तुरंत मदद के लिए दौड़े। भारी मशक्कत के बाद युवक को झाड़ियों से बाहर निकाला गया और तत्काल एनटीपीसी अस्पताल ले जाया गया। जहां परीक्षण उपरांत मुकेश को मृत घोषित किया गया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जांच के बाद स्पष्ट होगा कि घटना कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है।

# उपद्रवियों ने घर के बाहर लगा दिया था विस्फोटक दरवाजा हुआ क्षतिग्रस्त



बम के धमाके से क्षतिग्रस्त टाइल्स।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरपाली सिंचाई कालोनी निवासी माखन निर्मलकर के घर मे किसी अज्ञात उपद्रवी द्वारा पत्थर तोड़ने वाले बम से विस्फोट कर दिया। जिससे उसके घर के दरवाजे व टाइल्स क्षतिग्रस्त हो गयी है। घर वालों का कहना है कि यदि थोड़ी और मात्रा का उपयोग किया जाता तो शायद जान माल का नुकसान हो सकता था। मामले की शिकायत पर उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दल बल सहित घटना स्थल पहुंचे थे। जहां पुलिस ने मामले की बारिकी से जांच शुरु कर दी है और घटना को किसने और क्यों अंजाम दिया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है संभावना जतायी जा रही है कि आपसी रंजिश के चलते इस घटना को अंजाम दिया है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों के गिरेबांह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। घटना से मकान का दरवाजा व टाईल्स का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मृतक।

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-130 पर रविवार की रात सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक शंकरडुगू मोहल्ला, पोंड़ी उपरोड़ा निवासी नोहर साय सारथी पिता चैन साय निवासी सड़क किनारे अंडा दुकान संचालित करता था। 1 मार्च की रात करीब 9 बजे दुकान बंदकर नोहर साय अपनी मोटरसाइकिल बजाज डिस्कवर क्रमांक सीजी 12 एएक्स 1854 से कोनकोना गया था। लौटते समय रात लगभग 9 बजे जब वह नेशनल हाईवे-130 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पोंड़ी उपरोड़ा के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे नोहर साय को गंभीर चोट लगी थी। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 की मदद से उसे पोंड़ी उपरोड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।











